# ऑनलाइन 'लाइक-टास्क' ठगी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**▶ व्हाट्सएप लिंक से फंसाया, फर्जी एप डाउनलोड कराकर क्यूआर कोड से वसूली, 1.24 लाख की धोखाधड़ी उजागर**

**रतलाम।** पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए ऑनलाइन टास्क और प्रोडक्ट 'लाइक' के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। साइबर सेल और थाना माणकचौक की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। आरोपियों ने मिलकर एक महिला से 1लाख 24 हजार 100 की ऑनलाइन ठगी की थी।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। मामले की शुरुआत तब हुई जब पीड़िता ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच में सामने आया कि पीड़िता के मोबाइल पर व्हाट्सएप के जरिए एक लिंक भेजा गया था। लिंक खोलने पर उसे एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रोडक्ट 'लाइक' कर कमीशन कमाने का लालच दिया गया। आरोपियों ने उसे प्रमोशन पोइनीर्स -1' नामक एक फर्जी एप डाउनलोड करवाई और क्यूआर कोड के माध्यम से पैसे जमा करवाने शुरू किए।

शुरुआत में आरोपियों ने छोटी राशि जमा करवाकर उससे अधिक रकम वापस कर पीड़िता का भरोसा जीत लिया। इसके बाद उसे लगातार बड़े टास्क दिए गए और अलग-अलग क्यूआर कोड के जरिए पैसे ट्रांसफर करवाए गए। जब पीड़िता ने अधिक रकम जमा कर दी, तब आरोपियों ने बहाने बनाकर और पैसे की मांग शुरू कर दी और अंततः उसकी रकम लौटाने से इंकार कर दिया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, बैंक लेनदेन और डिजिटल ट्रेल का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर ग्वालियर जिले के करहिया निवासी करण कुशवाह और डबरा निवासी दीपक (दीपू) कुशवाह को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी कमीशन के लालच में बैंक खातों का उपयोग कर रहे थे। दीपक कुशवाह ने करण का बैंक खाता खुलवाकर उसे 'म्यूल अकाउंट' के रूप में इस्तेमाल किया। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है। मामले में रिंकेश पिता गजराज निवासी ग्राम अमरोला चिनौल (ग्वालियर) अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक राकेश मेहरा, उप निरीक्षक जीवन बारिया, प्रधान आरक्षक हिम्मत सिंह, आरक्षक रविंद्र शुक्ला, मोरसिंह एवं राहुल पाटीदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**▶ पूछताछ में हुआ खुलासा : कमीशन के लालच में बैंक खातों का उपयोग**



पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी कमीशन के लालच में बैंक खातों का उपयोग कर रहे थे। दीपक कुशवाह ने करण का बैंक खाता खुलवाकर उसे 'म्यूल अकाउंट' के रूप में इस्तेमाल किया। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने पिछले दिनों म्यूल अकाउंट को लेकर भी खुलासा कर बड़ी सफलता प्राप्त की थी।

**पुलिस की अपील**

रतलाम पुलिस ने आमजन से अपील की है कि ऑनलाइन टास्क, पार्ट-टाइम जॉब, प्रोडक्ट लाइक या निवेश के नाम पर मिलने वाले अनजान लिंक और क्यूआर कोड से सतर्क रहें। किसी भी लालच में आकर पैसे ट्रांसफर न करें। यदि साइबर ठगी का शिकार हों, तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

## गौ सम्मान अभियान के तहत आज कालिका माता से निकलेगी रैली

**रतलाम।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत सोमवार को शहर में संत-महात्माओं के नेतृत्व में रैली निकालकर गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौमाता को 'राष्ट्रीय माता' घोषित करने की मांग को लेकर आवेदन पत्र सौंपा जाएगा।

आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार सुबह 11 बजे कालिका माता मंदिर से वाहन रैली प्रारंभ होकर महू रोड स्थित तहसील कार्यालय पहुंचेगी, जहां तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों ने बताया कि यह कार्यक्रम देशभर में एक साथ लगभग पांच हजार तहसील मुख्यालयों पर आयोजित किया जा रहा है। आवेदन पत्र देने के बाद तीन माह तक शासन के जवाब का इंतजार किया जाएगा। यदि संतोषजनक परिणाम नहीं मिलता है तो 27 जुलाई को जिला मुख्यालयों पर पुनः ज्ञापन दिया जाएगा। इसके बाद भी मांगों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में प्रदेश की राजधानियों पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान से जुड़े राधेश्याम बोदलीया, जनक नागल, ललित गोस्वामी, मुकुल सेन, कुंदन गवली, रोहित तेली, यशवंत जेठानिया, गनी शक्तावत, अनिल पांचाल, रोनी एवं धर्मेंद्र शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने शहर के संत-महात्माओं, गौभक्तों और हिन्दू समाज से अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की है।

### एक नजर में

## भीषण गर्मी के चलते अब कक्षा प्री प्राइमरी से 8वीं तक के विद्यार्थियों का अवकाश घोषित

**रतलाम।** जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेशानुसार जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय/अनुदान प्राप्त/केन्द्रीय विद्यालयों की कक्षा प्री प्राइमरी से कक्षा 8 वी तक के अध्यनरत छात्र/छात्राओं के लिए 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया गया है। अन्य गतिविधियां एवं परीक्षा कार्यक्रम अपने निर्धारित समय पर संचालित होंगे।शिक्षक विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यालयीन कार्य करेंगे।

## जैविक हाट बाजार में 46695 रुपए से अधिक के जैविक उत्पादों की लोगों ने की खरीदी

**रतलाम।** परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश ने बताया कि रविवार को जिले में आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया। हाट बाजार में कुल 8 जैविक कृषक अपने उत्पाद लेकर पहुंचे और उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जैविक उत्पादों की खरीदारी की। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु द्वारा अनाज, दालें, सब्जियां, फल एवं मूंगफली का 28000 रुपये का विक्रय किया गया। दिलीप धाकड़ द्वारा शहद 5100 रुपये का, उमेश धाकड़ (बांगरोद) द्वारा घी एवं दूध 4545 रुपये का, तेजराम सांखला द्वारा हरी सब्जियां 900 रुपये का, भेरूलाल पाटीदार रोला द्वारा गेहूं, अजवाइन, चना 5000 रुपये का एवं टीकमचंद जोगचंद (नामली) द्वारा जैविक खाद 850 रुपये का, बालकृष्ण तिवारी द्वारा गेहूं ?2300 का एवं कुलदीप राणावत अयाना द्वारा जैविक उत्पाद विक्रय किए गए। जैविक हाट बाजार में कुल 46695 रुपये से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय हुआ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला चिकित्सालय की बावड़ी की साफ-सफाई



**रतलाम।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुंआ, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद रतलाम द्वारा जिला चिकित्सालय स्थित बावड़ी की अंदर और बाहर से पूरी तरह साफ-सफाई की गई। साथ ही वहां जमा कचरे के ढेर को भी हटाकर परिसर को स्वच्छ बनाया गया। सफाई अभियान में कमिश्नर नगर निगम अनिल भाना सहित पूरी टीम ने श्रमदान किया ।

# 33 लाख के विकास कार्य का महापौर ने किया भूमिपूजन



**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 49 में डॉ. देवीसिंह की गली ग्राउण्ड बैकलेन गलियों एवं नीमचौक, बजाजखाना बैकलेन की गलियों का सीमेन्टीकरण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने किया।

इस दौरान निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सोनू यादव, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, महापौर परिषद सदस्य, पार्षद और अन्य क्षेत्रिय नागरिकों मौजूद रहे ।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि वार्ड 49 में लगातार हो रहे विकास कार्यों से वार्ड आदर्श मॉडल वार्ड की ओर अग्रसर हो रहा है। वर्तमान निगम परिषद ने रतलाम में ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं जिससे लाभ शहर के नागरिकों को मिल रहा है।

भूमि पूजन के अवसर पर महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, राजू सोनी, अक्षय संघवी, रामलाल डाबी, पार्षद हितेश कामरेड, शक्तिसिंह राठौर, योगेश पापटवाल, धर्मेंद्र रांका, श्रीमती निशा सोमानी, श्रीमती आयुषी सांखला, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती हिना मेहता, श्रीमती प्रीति कसेरा, श्रीमती शबाना खान, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र चौहान, शेरु पठान, संजय कसेरा, जयेश वसावा, राजेश माहेश्वरी के अलावा शांतिलाल उपाध्याय, मोहन चौपड़ा, राकेश मेहता, विपिन श्रीमाल, भारती पाटीदार, राजकुमार शर्मा, मयूर गांधी, राज भाई, महेश त्रिपाठी, अमित पांड्या, सहित क्षेत्रिय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गौरव त्रिपाठी ने किया स्वागत भाषण विपिन श्रीमाल दिया तथा आभार क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती सपना गौरव त्रिपाठी ने किया।

### वार्ड 47 में होंगे 48 लाख के विकास कार्य

वार्ड क्रमांक 47 में कुरेशी मण्डी, मौमिनपुरा, हरीजन बस्ती व बरगुण्डो का वास में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने क्षेत्रिय पार्षद नासिर कुरेशी, पार्षदगण तथा क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि कुरेशी मण्डी में 14 लाख, मौमिनपुरा में 11 लाख, हरीजन बस्ती में 9 लाख व बरगुण्डों का वास में 14 लाख इस तरह कुल 48 लाख की लागत से सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण किया जायेगा। भूमि पूजन के अवसर पर पार्षद कमरूद्दीन कचवाय, मोहम्मद सलीम बागवान, फकरूद्धीन मंसूरी के अलावा प्रदीप राठौड़, शैलेन्द्रसिंह अठाना सहित क्षेत्रिय नागरिकउपस्थित थे।

# भाजयुमो प्रदेश महामंत्री जैन ने मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन ने भोपाल और उज्जैन में प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विप्लव जैन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वी.डी. शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान सभी वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

साथ ही संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। नेताओं ने विप्लव जैन को युवाओं के बीच संगठन को और प्रभावी बनाने तथा पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा दी। वहीं विप्लव जैन ने भी भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ऊर्जा के साथ पार्टी के लिए कार्य करते हुए नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। प्रदेश महामंत्री का दायित्व मिलने के बाद से ही विप्लव जैन प्रदेशभर में सक्रिय हैं। वे लगातार विभिन्न शहरों का दौरा कर संगठनात्मक बैठकों में भाग ले रहे हैं और युवा कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर रहे हैं। उनके दौरों के दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया जा रहा है, जिससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। कुल मिलाकर, विप्लव जैन की सक्रियता से भाजयुमो को प्रदेश में नई गति मिलने के संकेत मिल रहे हैं।





### भैंस चराने को लेकर विवाद

**रतलाम।** रिंगनोद थाना स्त्रह्य ग्राम मरम्या में भैंस चराने की बात को लेकर विवाद हुआ। 24 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 11:30 बजे आरोपी मोतीराम बलाई ने फरियादी हेमराज (45) निवासी मरम्या के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। घटना में फरियादी के सिर व हाथ में चोट आई है।

# आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों के हितों पर विशेष ध्यान :भोंसले

**रतलाम।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 1 जनवरी 2026 से लागू होने वाले आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों और फैमिली पेंशनरों के हितों को प्रमुखता से उठाया गया है।

यह बात ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष एवं वेस्टर्न रेलवे ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन के महामंत्री कामरेड जेआर भोसले ने रतलाम प्रवास के दौरान कही। वे दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में आयोजित बैठक में रतलाम मंडल के पेंशनरों को संबोधित कर रहे थे। श्री भोसले ने बताया कि जेसीएम के माध्यम से कामरेड शिवगोपाल मिश्रा के नेतृत्व में आठवें वेतन आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें वर्तमान 50 प्रतिशत पेंशन को बढ़ाकर 67 प्रतिशत तथा फैमिली पेंशन 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की गई है। इसके अलावा फिक्स मेडिकल अलाउंस को 1000 रुपए से बढ़ाकर 7000 रुपए करने और प्रत्येक मंडल स्तर पर ऐसा अस्पताल निर्धारित करने की मांग रखी गई है, जहां 'उम्मीद कार्ड' के जरिए रेलकर्मी और पेंशनर चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकें। उन्होंने आगे बताया कि 65, 70, 75, 80 और 85 वर्ष की आयु पर पेंशन में बढ़ोतरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा 90 वर्ष की आयु में पूर्ण पेंशन दिए जाने की मांग भी शामिल है।

भोसले ने बताया कि 30 अप्रैल को जेसीएम प्रतिनिधिमंडल पुनः वेतन आयोग से मुलाकात करेगा। मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास, वरिष्ठ सलाहकार रामखेलावन कुमायूं, विजय प्रकाश दुबे और हृदय पांडे सहित अन्य पदाधिकारियों ने भोसले का शाल, पुष्पहार एवं केप पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।



## अधिग्रहण मुआवजे के ऐतिहासिक निर्णय से किसानों में खुशी

**रतलाम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों की भूमि के अधिग्रहण पर चार गुना मुआवजा देने के ऐतिहासिक निर्णय से प्रदेश के किसानों में हर्ष की लहर है।

इस निर्णय से हर्षित किसानों की ओर से रविवार को मुख्यमंत्री की घोषणा पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया गया।

पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा के नेतृत्व में आये प्रतिनिधि मंडल ने मुआवजे के निर्णय पर सरकार को धन्यवाद भी ज्ञापित किया है। कैबिनेट मंत्री काश्यप ने इस दौरान कहा कि किसान समृद्ध होंगे तो देश समृद्ध होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत 2047 की जो संकल्पना की है किसानों की उन्नति से उसे पूर्ण करने में बहुत मदद मिलेगी।

इस दौरान भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व पूर्व विधायक दिलीप मकवाना, राहुल सिंह, हंसराज छाबड़ा, दिग्विजयसिंह लुनेरा, कृष्णा शर्मा, राजु गामड़ आदि मौजूद रहे।

# नवाचार की उड़ान... सृजन कॉलेज के स्टूडेंट्स ने पेश किए समाज बदलने वाले आइडिया



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** सृजन महाविद्यालय में आयोजित नवाचार विषयक कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच और सामाजिक सरोकारों की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से महिला सुरक्षा, किसान रात्रि सुरक्षा यंत्र जैसे कई उपयोगी नवाचारों के प्रारूप प्रस्तुत किए, जिसने उपस्थित सभी को प्रभावित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था चेयरमैन व सृजन भारत के संयोजक अनिल झालानी ने विद्यार्थियों के नवाचारों की सराहना करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में, जब समाज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे में विद्यार्थियों का बेटियों की सुरक्षा और किसानों के हित में समाधान तलाशना गर्व की बात है। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि इन नवाचारों को देखकर यह स्पष्ट होता है कि हमारे संस्कार साकार हो रहे हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जिंदल यादव ने भी विद्यार्थियों के नवाचारों को गंभीरता से लेते हुए नवाचार विभाग और कोष प्रबंधन हेतु एक समिति गठित करने का आश्वासन दिया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं से जोड़कर उनके विचारों को वास्तविकता में बदलने में मदद करना है।

संस्था समन्वयक निसर्ग दुबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नवाचार में सदाचार का होना उतना ही जरूरी है, जितना बौद्धिकता के साथ भावनात्मक समझ। उन्होंने छात्रों को किताबों तक सीमित न रहकर दुनिया को समझने और नई समस्याओं के समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में खेल शिक्षिका ताहिरा खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नवीन रावल अध्यक्ष मनोनीत

**जावरा।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2026-27 का गठन हुआ। दुसरी बार भी संघ ने भरोसा जताते हुए नवीन रावल को अध्यक्ष मनोनीत किया। फिर रावल ने कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें संरक्षक हेमंत सोनी पटवारी सिन्दूरकिया, उपाध्यक्ष श्रीमती पूनम नामदेव सहायक वर्ग-3, शितल तांतेड़ सहायक ग्रेड-ए, सलीम एहमद मंसूरी पटवारी बड़ावदा, कोषाध्यक्ष श्रीमती केसर खान, सचिव रामकिशन शर्मा, सह सचिव मांगीलाल चौहान, अभिषेक व्यास पटवारी ढोढर, जया जाटव आंगनवाड़ी सुपरवाईजर जावरा, संगठन सचिव संजय पण्ड्या, प्रचार सचिव राजेन्द्र सोनी को मनोनीत किया। साथ ही कार्यकारिणी में भागीरथ गोधा पटवारी जंगली लसुडिया, दिनेश गोयल, दिनेश उपाध्यक्ष एमपीडब्ल्यू स्वास्थ विभाग जावरा, सुनिल बोस पटवारी रिंगनोद को शमिल किया गया।

**एक नजर में** ▶ झूलेलाल भगवान के 26वें वंशज सांई मनीषलाल साहिब के सान्निध्य में हुआ आयोजन

# झूलेलाल धाम के लिए भूमिपूजन, सिंधी समाज के बच्चों का सम्मान



नवभारत न्यूज

**जावरा।** पूज्य सिंधी पंचायत सामाजिक ट्रस्ट द्वारा झूलेलाल भगवान के 26 वे वंशज भरुच (गुजरात) सूर्यवंशी 1008 परम पूज्य ठकुर सांई मनीषलाल साहिब के सानिध्य में जावरा में झुलेलाल धाम में अपने इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल का मंदिर-धर्मशाला के निर्माण के लिए भूमिपूजन होगा।

समाज की जमीन पर पूर्व में भी मंत्रोचार के साथ पूजन किया है, लेकिन इस शुभ कार्य का साईंजी के सानिध्य में भूमि पूजन होना समाज के लिए एक बड़ी सौगात है। नवीन जमीन पर भूमि पूजन का कार्य करने के बाद पंजाबी गुरुद्वारा हाल भरुच साईंजी द्वारा पूज्य बहराणा साहिब किया गया। साईंजी का सपना है हर शहर में श्री झूलेलाल धाम बने, उसके लिए उन्होंने अब तक सात शहरों में भक्तजनों के सहयोग से करोड़ो की लागत के श्री झूलेलाल धाम बनाने का कार्य गोद लिया हुआ है, जो कार्य निर्माणाधीन होकर चल रहा है। कक्षा 10 वी एवं 12वी एवं अन्य खेल, कला के क्षैत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले बच्चे सम्मानित हुआ।

बच्चों में कु वंशिका रूपलानी 92प्रतिशत, कु विधिका रूपलानी 93.6 प्रतिशत, नंदनी दरवानी 92 प्रतिशत, धानी अडवानी 91 प्रतिशत, लक्षिता होतवानी-90 प्रतिशत, कु. मुस्कान टेकवानी एमबीबीएस डॉक्टर बनने पर, कु. लावण्या शर्मा -अबेकस इंटर नेशनल लेवल, वेदांत मनसुखानी-पुणे आयोजित ब्लाइंड फोल्डेड क्यूब प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, जिया करमचंदानी राज्य स्तर पर शतरंज प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने पर सम्मान किया। साथ ही चेटीचंड महोत्सव 2026 पर स्वागत करने वाले परिवार प्रथम पुरस्कार-सुखनानी परिवार, द्वितीय पुरुस्कार - सिन्धु सखी समिति, तृतीय पुरुस्कार - निक्की लखवानी को साईंजी के आर्शीवाद के साथ पुरुस्कृत किया।

**▶ इनकी रही मौजूदगी**

भूमि पूजन की रस्म में पूज्य सिंधी पंचायत सामाजिक ट्रस्ट के सभी सदस्यों व जावरा सिंधी समाज सपरिवार उपस्थित हुए। जावरा पूज्य सिंधी पंचायत सामाजिक ट्रस्ट प्रमुख अध्यक्ष दीपेश मनसुखानी, सचिव जीतेन्द्र कोठारी, कोषाध्यक्ष तरुण चंचलानी व उपाध्यक्ष लालचंद देवानी व श्याम मनवानी, सह सचिव राजा चंचलानी व सह कोषाध्यक्ष हरीश होतवानी एवं ट्रस्ट के स्थाई और अस्थाई सदस्य के साथ ही महिला संगत मीना दादी राजलानी, प्रिया लालवानी, जानकी मोटवानी, कंचन सुखनानी, लक्ष्मी रूपलानी एवं अन्य महिला संगत के साथ साईंजी के अनुयायी आस पास के जिले रतलाम, मन्दसौर, नीमच से उपस्थित हुए।